क्रमांक–60.

छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग–दो

शुक्रवार, दिनांक 06 जून, 2014(ज्येष्ठ–16,1936)

अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समिति के सभापति की नियुक्ति तथा सामान्य प्रयोजन समिति में रिक्त–एक स्थान पर सदस्य का नाम–निर्देशन की सूचना

छत्तीसगढ़ राज्य विधान सभा के **निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक**–79–अंतागढ़ (अ.ज.जा.) से निर्वाचित सदस्य,**श्री विक्रम उसेंडी** द्वारा विधान सभा की सदस्यता से दिये त्यागपत्र को दिनांक 31 मई,2014 को माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकार किये जाने के फलस्वरूप उक्त दिनांक से विधान सभा की **अनुसूचित जाति, अनुसूचित** जनजाति तथा **पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समिति** के **सभापति** के रिक्त पद पर विधान सभा की नियमावली के नियम 180 के उप नियम (1) के तहत माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा **श्री महेश गागड़ा,सदस्य** को वर्ष 2014–2015 की शेष अवधि के लिए समिति का **सभापति** नियुक्त किया है।

विधान सभा की नाम–निर्देशित समितियों में रिक्त स्थानों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ विधान सभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम 177(3) के अनुसरण में माननीय अध्यक्ष महोदय ने **सामान्य प्रयोजन समिति** में रिक्त स्थान पर **श्री महेश गागड़ा** को **सदस्य** के रूप में नाम–निर्देशित किया है।

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव,
छत्तीसगढ़ विधानसभा.